# MP BOARD CLASS 10 EM HINDI GENERAL MODEL PAPER SET 5 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 EM हिन्दी (सामान्य) मोडल पेपर सेट 5 2020

समय :3 घण्टे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1x5= 5 अंक निर्धारित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक के लिए 2-2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3-3 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30-75 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4-4 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75-120 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5-5 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120-150 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द निर्धारित है। (7+3 = 10) अंक निर्धारित है। खण्ड 'अ' के लिए 7 तथा खण्ड 'ब' के लिए 3 अंक।

प्रश्न 1. सही विकल्प का चयन कीजिए-

1. तुलसीदास के गुरु का नाम था-

(a) वल्लभाचार्य (b) हरिहर दास (c) नरहरिदास (d) रामानन्द।

2. शबरी ने बेर परोसे थे-

(a) थाली में (b) केल पत्र में (c) सोने के बर्तन में (d) चाँदी के बर्तन में।

3. पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है वहीं-

(a) गुरुदेव का आशीर्वाद है (b) वेदों का आधार है

(c) संस्कृति की उपजाऊ भूमि है (d) भगवत कृपा है।

4. 'महोदय' शब्द का संधि विच्छेद है-

(a) महा + उदय (b) महो + दय (c) म + होदय (d) मह +उदय।

5. बड़ी कठिनाई से प्राप्त होने वाली को क्या कहेंगे-

(a) सुलभ (b) दुर्लभ (c) कठिन (d) अप्राप्त।

उत्तर-1.(c), 2. (b), 3.(c), 4. (a), 5. (b).

प्रश्न 2. दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1. 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन ........... ने किया। (हजारी प्रसाद द्विवेदी/महावीर प्रसाद द्विवेदी)

2. हमें प्रकृति को ................. रूप में देखना होगा। (सुन्दर /पूजनीय)

3. संस्कृत भाषा के परिवर्तित रूप को ............ शब्द कहते हैं। (तद्भवं/विदेशी)

4. शबरी की कुटिया में ................ आये थे। (राम/भरत)

5. विनय पत्रिका ............... की रचना है। (तुलसीदास/मीराबाई)

उत्तर-1. महावीर प्रसाद द्विवेदी, 2. पूजनीय, 3. तद्भव, 4. राम, 5. तुलसीदास।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य चुनकर लिखिए-

1. कजली शीत ऋतु में गाया जाने वाला गीत है।

2. ईश्वर में विश्वास रखने वाला आस्तिक कहलाता है।

3. 'साये में धूप' दुष्यंत कुमार का गजल संग्रह है।

4. कवि ने भारत को संसार का शिरोमणि कहा है।

5. अर्थ के आधार पर वाक्यों को दस भागों में बाँटा गया है।

उत्तर- 1. असत्य, 2. सत्य, 3. सत्य, 4. सत्य, 5. सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ियाँ बनाइए-

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| 1. भोजन वही श्रेष्ठ है जहाँ | (a) प्रयत्न और परिश्रम की |
| 2. घर की मिसरानी | (b) पिचकारी |
| 3. बड़ी महिमा है | (c) बदली |
| 4. प्रेम प्रीत की | (d) आम |
| 5. अंबर पर बौराई | (e) रजवा |

(f) प्रेम रस हो।

उत्तर-1. (1), 2. (e), 3. (a), 4.(b), 5. (c).

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में दीजिए-

1. 'उच्चारण' शब्द का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम बताइए।

2. द्विवेदी जी को सरस्वती पत्रिका से कितने रुपये की आमदनी होती थी?

3. जिन शब्दों की उत्पत्ति मूलतः संस्कृत भाषा से होती है, उन्हें क्या कहते हैं ?

4. शास्त्रों ने किन दो को राजा माना है ? http://www.mpboardonline.com

5. अरविन्द के पिता उन्हें किस प्रकार की शिक्षा देना चाहते थे ?

उत्तर-1. उत् + चारण, व्यंजन सन्धि 2. बीस, 3. तत्सम, 4. यम और इन्द्र, 5. पश्चिमी सभ्यता।

प्रश्न 6. कश्मीर प्रत्येक भारतीय को क्यों लुभाता है ?

अथवा

गौवर्ण राजा के पास क्यों आया था?

प्रश्न 7. हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिए ?

अथवा

सच्चा आनंद किसमें छिपा रहता है ?

प्रश्न 8. सन्धि किसे कहते हैं ? उसके भेद लिखिए।

अथवा

योजक चिन्ह क्या है ?

प्रश्न 9. बाबू गुलाबराय जी के मतानुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

अथवा

गद्य की प्रमुख विधाओं के नाम लिखिये।

प्रश्न 10. श्रेष्ठ कहानी की विशेषताएँ बताइये।

अथवा

उपन्यास के कितने तत्व माने गये हैं ? नाम लिखिए।

प्रश्न 11. निम्नलिखित का सन्धि विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए-

(i) मनोरथ, (ii) उज्ज्वल।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(i) हमारी अध्यापिका विद्वान है, (ii) वे गुनगुने गरम पानी से स्नान करते हैं।

प्रश्न 12. निम्नांकित शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए-

(i) अल्पायु, (ii) तुच्छ, (iii) अतिवृष्टि, (iv) उत्थान।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

(i) कमल, (ii) पत्थर।

प्रश्न 13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) आग बबूला होना, (ii) गड़े मुर्दे उखाड़ना।

अथवा

नीचे लिखे खंड में उपयुक्त विराम चिन्ह लगाइए-

नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करके की इच्छा प्रकट की किसी ने कहा आओ मैं तुम्हें अपना प्राइवेट सेक्रेटरी बनाऊँगा।

प्रश्न 14. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(i) जो सब कुछ जानता हो। (ii) मन को प्रसन्न करने वाला।

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए-

(1) ईमानदारों का सम्मान सब करते हैं। (मिश्रित वाक्य)

(ii) वह विद्यालय जाकर पढ़ता है।(संयुक्त वाक्य)

प्रश्न 15. नाटक और कहानी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

जीवनी की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 16. कवि तुलसीदास जी को अपनी इन्द्रियों पर हँसी क्यों आती है ?

अथवा

कर्मवीर मनुष्य के मार्ग में कैसी-कैसी बाधाएँ आती हैं ?

प्रश्न 17. 'जिसका चरण निरंतर रत्नेश धो रहा है' से कविता का क्या आशय है ?

अथवा

वर्तमान स्थिति में मानव-सम्बन्धों के बारे में कवि के विचारों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 18. राम लक्ष्मण को अपनी कुटिया में आया देखकर शबरी की दशा कैसी हो गई ?

अथवा

'मनुष्य की पीड़ा गूंगी होकर भी गाने में समर्थ है।' इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. द्विवेदी जी ने अपने लिए कौन-से चार सिद्धान्त निश्चित किए और उनका पालन करने में वे कहाँ तक सफल हुए?

अथवा

संस्कृति जीवन के लिए आवश्यक क्यों है ?

प्रश्न 20. 'कुटुम्ब एक महान वृक्ष है। छोटी-बड़ी सभी डालियाँ उसकी छाया को बढ़ाती हैं।' इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए। http://www.mpboardonline.com

अथवा

अशोक ने कौन-सी प्रतिज्ञा की?

प्रश्न 21. गुरुनानक ने किसान के संबंध में क्या-क्या कहा ?

अथवा

बंग-भंग आन्दोलन का अरविन्द पर क्या प्रभाव पड़ा?

प्रश्न 22. कौन-से मनुष्य आत्म हनन का मार्ग अपनाते हैं।

अथवा

"वक्त सबके लिए बराबर है" पंक्ति को लेखक ने किन उदाहरणों से समझाया है ?

प्रश्न 23. 'शबरी' कविता के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश किस प्रकार प्राप्त होता है?

अथवा

“तुम वही दीपक बनोगे” कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो

वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि किरपा अपनायौ

जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायौ

खरचै नहि कोई चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायौ

सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भवसागर तरि आयौ

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरखि-हरखि जस गायौ।

अथवा

प्राण आह्लादित नहीं औ

रागिनी भी बेसुरी है,

क्षत-विक्षत संवेदनाएँ हैं,

मूक मन की बाँसुरी है,

आज संजीवन जगाने

फेंक दे जो प्राण तन में

है मुझे विश्वास दृढ़ तुम

मलय मारुत समय चलोगे।

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

"मनुष्य के जीवन में आरोग्य का बहुत महत्व है। मनुष्य जीवन तभी सुखी हो सकता है। जब वह निरोगी हो। जो मनुष्य निरोगी होगा वही पुरुषार्थ कर सकता है। रूग्णता में शक्ति नहीं होती। अतः शरीर को निरोगी रखना हमारा मूल धर्म है। अतः मनुष्य को, शरीर को निरोगी बनाने के लिए व्यायाम और प्राणायाम प्रतिदिन करना चाहिये।"

प्रश्न-(क) उपुर्यक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) शरीर को निरोगी कैसे रख सकते हैं ?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

"तुम युवक हो, काल को भी काल से दिखते रहे हो, देश का सौभाग्य अपने खून से लिखते रहे हो, ज्वाला की, भूचाल की साकार परिभाषा तुम ही हो देश की समृद्धि की सबसे प्रबल आशा तुम ही हो। ठान लोगे तुम अगर युग को नई तस्वीर दोगे गर्जना से शत्रुओं के तुम कलेजे चीर दोगे।"

प्रश्न-(क) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) युवा वर्ग क्या-क्या कर सकता है ?

(ग) युवा शत्रुओं के साथ क्या कर सकता है?

प्रश्न 27. अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को प्रार्थना पत्र लिखिए, जिसमें क्रीड़ा सामग्री प्रदान करने की प्रार्थना की गई हो।

अथवा

अपनी सहेली को पत्र लिखकर उसको स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दीजिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए-

(1) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

(2) समाचार पत्र का महत्त्व

(3) समय का सदुपयोग

(4) जल संरक्षण

(5) हमारा मध्य प्रदेश

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबंध लिखा गया हो, उसे छोड़कर शेष विषयों में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।